बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या – 17– स्था0 (कार्य वितरण)– 01/2011............ पटना, दिनांक :–

आदेश

राज्य के बीस जिलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य हेतु संविदा आधारित विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, अमीन एवं लिपिक के नियोजन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात योगदान एवं जिलों में पदस्थापन का कार्य प्रगति पर है। नव पदस्थापित संविदा कर्मियों जो विभिन्न जिलों में योगदान किए जाने के पश्चात आवश्यक है कि इन बीस जिलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों का अनुश्रवण एवं समीक्षा निदेशालय स्तर से नियमित रूप से की जाए।

वर्त्तमान में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किए गए स्थानान्तरण/पदस्थापन में से वैशाली में पदस्थापित दो सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निदेशालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त निदेशालय में 6 (छः) सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी पूर्व से पदस्थापित है। अतः उपरोक्त सभी पदस्थापित/प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के बीच निदेशालय के कार्यों एवं जिलों में किए जाने वाले कार्यों का अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु मुख्यालय स्तर पर निम्न प्रकार से कार्य का आवंटन किया जाता है:–

क्र0 सं0	नाम एवं पदनाम	आवंटित कार्य
01.	श्री वीरेन्द्र कुमार, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, प्रभारी तकनीकी शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।	तकनीकी शाखा की संचिकाओं का निष्पादन, समीक्षात्मक बैठकों की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन तथा सभी जिलों का समेकित प्रतिवेदन तैयार करना, प्रशिक्षण, अन्यान्य।
02.	श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	सभी जिलों का समीक्षात्मक समेकित प्रगति प्रतिवेदन तैयार करना। क्षेत्रीय कार्यों में आने वाली वैधानिक एवं तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करना क्षेत्रीय कर्मियों द्वारा की जाने वाली डाटा इंट्री की समीक्षा।
03.	श्री दीपक कुमार, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	सुपौल, सहरसा एवं मधेपुरा के बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण करना तथा साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन तैयार करना।
04.	श्रीमती अंजली कुमारी आनंद, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	लखीसराय, बांका एवं जमुई के बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण करना तथा साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन तैयार करना एवं बीस जिलों में विशेष सर्वेक्षण से संबंधित प्रपत्रों की आपूर्ति एवं उपलब्धता के संबंध में उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना से संपर्क स्थापित कर प्रतिवेदन तैयार करना।
05.	श्री अशोक कुमार शर्मा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	अरवल, शेखपुरा, जहानाबाद एवं मुंगेर के बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण करना तथा साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन तैयार करना। निदेशालय से संबंधित

06.	श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	शिवहर, सीतामढ़ी एवं पश्चिमी चम्पारण के बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण करना तथा साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन तैयार करना। निदेशालय के सूचना एवं जनसम्पर्क से संबंधित मामलों का निष्पादन।
07.	श्री इन्दूभूषण श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	बेगूसराय, खगड़िया, नालंदा एवं [redacted] के बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण करना तथा साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन तैयार करना
08.	श्री प्रकाश चन्द्र सिन्हा, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी	कटिहार, किशनगंज, अररिया एवं पूर्णियां के बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण करना तथा साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन तैयार करना।

2. उपरोक्त जिलों से सम्बद्ध सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने जिलों से संबंधित मामले के निष्पादन हेतु संबंधित कार्यपटल के सहायक के माध्यम से प्रशाखा पदाधिकारी को संचिका उपस्थापित करेंगे। तदोपरांत प्रशाखा पदाधिकारी आवश्यक मंतव्य के साथ (यदि आवश्यक हो तो संबंधित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी का मंतव्य प्राप्त करते हुए) सहायक निदेशक के माध्यम से निदेशक का आदेश प्राप्त करेंगे।

3. पूर्व में आवंटित कार्य से संबंधित निर्गत पत्र को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

4. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह0/–
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17– स्था0 (कार्य वितरण)– 01/2011.10436 **पटना, दिनांक :–**07-08-2020

प्रतिलिपि : सहायक निदेशक/उप सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/ सभी संबंधित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/सभी संबंधित सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यर्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप